## खबर संक्षेप

### पत्नी के वापस न आने पर युवक ने लगाई फांसी

**सतना।** जिले के जसो थाना क्षेत्र के कलावल गांव में युवक की आत्महत्या के मामले में तीन दिन बाद नया मोड़ आ गया है। मृतक का एक वीडियो नोट सामने आया है,जिसमें वह आत्महत्या के लिए अपनी पत्नी और उसके माता-पिता को जिम्मेदार ठहराते हुए गंभीर आरोप लगाता दिखाई दे रहा है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे क्षेत्र में मामले को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार कलावल निवासी मनोज कुशवाहा ने 28 मई को जामुन के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बताया जा रहा है कि आत्मघाती कदम उठाने से पहले उसने एक वीडियो रिकॉर्ड किया,जो अब सामने आया है। वीडियो में मनोज मानसिक रूप से बेहद परेशान नजर आ रहा है और अपनी पत्नी संजना कुशवाहा के व्यवहार को अपनी परेशानी का कारण बता रहा है। वीडियो में मनोज का आरोप है कि उसकी पत्नी मायके जाने के बाद वापस ससुराल नहीं लौटी। उसने कई बार फोन कर उसे वापस आने के लिए कहा,लेकिन पत्नी ने लौटने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं,उसने दावा किया कि फोन पर उसे मर जाओ तक कहा गया,जिससे वह गहरे मानसिक तनाव में आ गया। मृतक के पिता बाबूलाल कुशवाहा ने बताया कि मनोज और संजना ने करीब नौ माह पहले प्रेम विवाह किया था। दोनों ने पहले कोर्ट मैरिज की थी और कुछ समय तक महाराष्ट्र के पुणे में साथ रहे। बाद में वे अपने गृह क्षेत्र लौट आए थे। 27 मई को दोनों घर पहुंचे थे लेकिन इसके बाद संजना अपने मायके भटगवां चली गई और वापस नहीं लौटी। परिजनों का आरोप है कि इसी तनाव के कारण मनोज ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। इधर वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो की सत्यता और उसमें लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के वास्तविक कारणों और आरोपों की पुष्टि हो सकेगी।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास सड़क पर मिला मृत चीतल, वन विभाग को दी गई सूचना

**सतना।** जिले के नागौद कस्बे में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह एक जंगली चीतल मृत अवस्था में पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग को सूचित कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार,घटना का पता रविवार सुबह तब चला जब एक सफाई कर्मचारी हमेशा की तरह इलाके में सफाई करने पहुंचा।ड्यूटी के दौरान उसकी नजर सड़क किनारे पड़े बेदम चीतल पर पड़ी। सफाई कर्मचारी ने बिना देर किए तुरंत इसकी सूचना अपने वरिष्ठ स्टाफ और नगर परिषद के कर्मचारियों को दी। इसके बाद,प्रशासनिक अमले द्वारा तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को मामले से अवगत कराया गया। रिहायशी इलाके के इतने करीब जंगली चीतल के मृत पाए जाने से स्थानीय लोगों में भी कौतूहल और दुख का माहौल है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। चीतल की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है,किसी वाहन की टक्कर से या फिर आवारा कुत्तों के हमले से,इसका वास्तविक पता वन विभाग की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ हो सकेगा।

### करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

**मैहर।** जिले के ताला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंघौल में करंट लगने से एक भैंस की मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद पशुपालक परिवार में दुख का माहौल है। पीड़ित महिला ने पड़ोसी पर अवैध रूप से बिजली कनेक्शन लेने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम सिंघौल निवासी सावित्री साहू की भैंस शनिवार शाम चरने के लिए घर से निकली थी,लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास काफी तलाश की,लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।रविवार सुबह सावित्री साहू अपने परिवार के साथ भैंस की तलाश करते हुए मरहा नदी के किनारे पहुंची,जहां भैंस मृत अवस्था में पड़ी मिली।

### मैहर में मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

**मैहर।** देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती महापर्व के अवसर पर रविवार सुबह मैहर में भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। सुबह 6 बजे खेल मैदान मैहर में प्रतिभागियों के एकत्रीकरण के बाद दौड़ की शुरुआत हुई,जिसमें सैकड़ों बच्चों,युवाओं और खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।











## नौतपा की तपन से राहत पर चंद घंटों की बारिश ने डुबोई 'स्मार्ट सिटी'

# घरों-दुकानों में घुसा नाली का गंदा पानी, बदहाल हुई सड़कें



नौतपा की भीषण और झुलसाने वाली गर्मी झेल रहे सतना जिले में रविवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। मौसम विभाग के अलर्ट के बाद अमरपाटन सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों और सतना शहर में तेज आंधी-तूफान और गरज-चमक के साथ जोरदार बारिश हुई। ठंडी हवाओं के चलने से लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत तो मिली,लेकिन चंद घंटों की इस पहली बारिश ने सतना नगर निगम के मानसून पूर्व तैयारियों और स्वच्छता के दावों की धज्जियां उड़ाकर रख दीं।

### अमरपाटन में आंधी-तूफान के साथ झमाझम, सतना शहर में नगर निगम के दावों की खुली पोल; लोग खुद वाइपर लेकर नाली साफ करने को मजबूर

सतना।

'स्मार्ट सिटी' सतना के हालात बद से बदतर नजर आए। मुख्तियारगंज,बरदाडीह रोड और काली बाड़ी मंदिर के पास स्थित हजारी भवन के आस-पास के दर्जनों घरों में नाली का गंदा पानी करीब डेढ़ फीट तक अंदर घुस गया। पानी लोगों के किचन और बेडरूम तक पहुंच गया,जिससे भारी नुकसान हुआ है। हालात इतने बिगड़ गए कि रहवासियों ने डायल 112 को कॉल कर पुलिस बुलाई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को खुद नंगे पैर गंदे पानी में घुसकर मोर्चा संभालना पड़ा।

#### वार्ड नंबर 20 प्रतिष्ठानों में घुसा पानी

शहर के वार्ड नंबर 20 में बारिश ने व्यापारिक रूप से तबाही मचाई। संजय स्वीट्स,अजय किराना,शंकर प्रोविजन और अनिल स्टेशनरी समेत दर्जन भर दुकानों व घरों में पानी भर जाने से कीमती सामान खराब हो गया। निगम प्रशासन के खिलाफ व्यापारियों और वार्डवासियों में भारी आक्रोश देखा गया। विडंबना यह रही कि शहर के बीचों-बीच लोग खुद हाथों में वाइपर और झाड़ू लेकर नाली एवं सड़कों की सफाई करते नजर आए।

#### कहीं बह रहा कचरा,कहीं हादसों को न्यौता

शहर के प्रमुख लालता चौक का हाल यह था कि पूरी सड़क पर नालियों का गंदा पानी और कचरा बह रहा था,जिससे राहगीरों और दुकानदारों का सांस लेना दूभर हो गया। कृष्णनगर रोड में भी नालियों का ओवरफ्लो पानी सड़क को तालाब में तब्दील कर चुका था। वार्ड नंबर 10 (मुख्तियार गंज से शुक्ला वर्दाडीह) में सीवरेज या निर्माण कार्य के लिए खोदी गई सड़क को खुला छोड़ दिया गया है। चंद घंटे की बारिश के बाद यह पूरी सड़क दलदल बन गई,जिससे लोगों का पैदल चलना भी दुश्वार हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक,इस लापरवाही के कारण लोग आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं।

#### टिकुरिया टोला में बिजली के तारों पर गिरा पेड़

टिकुरिया टोला बास नाका मार्ग पर गणेश किराना के पास तेज आंधी के कारण एक विशाल पेड़ उखड़कर सीधे बिजली के तारों पर जा अटका। गनीमत रही कि उस वक्त कोई नीचे से नहीं गुजर रहा था,अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना के बाद से स्थानीय लोग और राहगीर सहमे हुए हैं और बिजली विभाग से इसे तुरंत हटाने की मांग कर रहे हैं।

#### निगम की खुली पोल: कागजों पर ही साफ हुए नाले

नगर निगम प्रशासन पिछले कई दिनों से मानसून पूर्व नाले और नालियों की सफाई के बड़े-बड़े दावे कर रहा था। लेकिन जमीनी हकीकत ने इन दावों की पोल खोल दी है। पहली ही तेज बारिश में ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह चोक मिला।



वार्ड 20 (संजय स्वीट्स क्षेत्र) दुकानों में भरा पानी स्थानीय लोग खुद कर रहे सफाई। टिकुरिया टोला बिजली के तारों पर गिरा पेड़।

#### प्रमुख प्रभावित इलाके एक नजर में

अमरपाटन व ग्रामीण क्षेत्र तेज आंधी-तूफान और बारिश गर्मी से राहत,जनजीवन प्रभावित

वार्ड 5 (मुख्तियारगंज) घरों में 1.5 फीट पानी घुसा पुलिस (डायल 112) ने मौके पर किया निराकरण।

वार्ड 10 (वर्दाडीह मार्ग) खोदी गई सड़क बनी दलदल पैदल निकलना बंद,हादसों का डर।

#### बारिश से,लुढ़का पारा

नौतपा के बीच हुई झमाझम बारिश ने भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी है। सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे तक 33.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। हवा में 56% से 84% की नमी और न्यूनतम तापमान 27.0C रहने से मौसम सुहावना हो गया,जिससे तपन गायब हो गई और पारा तेजी से नीचे गिरा।





## स्कॉर्पियो पर पलटा तेज रफ्तार ट्रेलर, युवक गंभीर रूप से घायल, रीवा रेफर

**सतना।** अमरपाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर रोड स्थित प्रतापगढ़ी के पास आज एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने अनियंत्रित होकर एक स्कॉर्पियो कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर सीधे स्कॉर्पियो के ऊपर ही पलट गया। इस दर्दनाक हादसे में स्कॉर्पियो सवार अनिल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होते ही घटना स्थल पर चीख-पुकार मच गई,जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए भारी मशक्कत के बाद घायल अनिल सिंह को कार से बाहर निकाला।

**सिविल अस्पताल से रीवा रेफर-** उपस्थित लोगों की मदद से घायल को तुरंत सिविल अस्पताल अमरपाटन ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए संजय गांधी मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## विद्युत तारों पर गिरा भारी-भरकम पीपल का पेड़; नगर निगम और एसडीआरएफ ने आधा रास्ता तो खोला, लेकिन घर पर मंडरा रहा बड़ा खतरा!





सतना।

शहर के टिकुरिया टोला बास नाका मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई,जब एक विशालकाय पीपल का पेड़ अचानक भरभरा कर गिर गया। गनीमत रही कि पेड़ सीधे जमीन पर न गिरकर विद्युत केबलों के बीच फंस गया,जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। मामले की सूचना मिलते ही नगर निगम की अतिक्रमण रोधी टीम,विद्युत विभाग और SDERF की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों की मौजूदगी में कटर मशीनों की मदद से सड़क की ओर लटके पेड़ के आधे हिस्से को काटकर हटाने का कार्य किया गया,ताकि यातायात बहाल हो सके।

#### आंधी-तूफान आया तो हो सकती है बड़ी अनहोनी!

स्थानीय निवासियों के मुताबिक,टीम सड़क की तरफ का आधा पेड़ काटकर रवाना हो गई है,जबकि पेड़ का एक भारी-भरकम हिस्सा अभी भी एक मकान पर टिका हुआ है। यदि मौसम बिगड़ता है और तेज आंधी-तूफान आता है,तो यह बचा हुआ हिस्सा घर पर गिर सकता है,जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। क्षेत्रवासियों ने इसे पूरी तरह हटाने की मांग की है।

## सेवादल का मासिक ध्वज बंदन कार्यक्रम आयोजित

मैहर।

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल जी भाई देसाई मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष अवनीश भार्गव के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में मासिक ध्वज बंदन कार्यक्रम वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला अध्यक्ष धर्मेश घई मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु दत्त पांडे की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता चूड़ामणि बढोलिया युवा नेता अखंड प्रताप सिंह रजनीश शर्मा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंशुल चौरसिया के विशिष्ट अतिथि में स्थानीय सेवा दल कार्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत के साथ ध्वज बंधन कर राष्ट्रगान किया गया तत्पश्चात हार्डिकर जी के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर किया गया सेवादल के सिपाहियों द्वारा उपस्थित अतिथियों का सूत की माला से स्वागत किया



गया।अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र ने कहा कि सेवादल देश आजादी की लड़ाई लड़ रहा था तब महात्मा गांधी और पंडित नेहरू के आवाहन पर आजादी की लड़ाई में कांग्रेस सेवादल कंधे से कंधा मिलाकर गोरों से लड़ा था और आज भी सेवादल उन ताकतों से लड़ रहा है जो ताकते देश को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं सेवादल ऐसे प्रयास को सफल नहीं होने देगा चूड़ामणि बढोलिया ने कहा कि,कांग्रेस सेवा दल की स्थापना 1923 में डॉक्टर एन यस हार्डिकर ने उस समय की थी जब नागपुर में सत्याग्रह के बाद कई स्वतंत्रता सेनानियों को अंग्रेजों ने गिरफ्तार कर लिया था सेनानियों को मुक्त करने के लिए सेवा दल ने अंग्रेजों से लोहा लिया था कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाकांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धर्मेश घई ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवादल कांग्रेस संगठन का अग्रिम अंग है जो कांग्रेस के विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का काम करता है राष्ट्रीय ध्वज बंदन कार्यक्रम में कोई भी राष्ट्रभक्त शामिल हो सकता है चाहे वह किसी राजनैतिक दल का सदस्य,सरकारी,गैर सरकारी संस्था का अधिकारी या कर्मचारी हो आगे उन्होंने कहा कि पूरा देश महंगाई भ्रष्टाचारी बेरोजगारी के दलदल में फंसा हुआ है केंद्र व प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर गांधी जी के बताए हुए रास्ते में चलकर लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष के हाथों कई युवाओं ने सेवा दल की सदस्यता ग्रहण की जहां जिला अध्यक्ष धर्मेश घई एवं अरुण तनय मिश्र ने सूत की माला एवं टोपी पहनाकर सेवादल परिवार में सदस्यता प्रदान करते हुए स्वागत वंदन अभिनंदन किये। कार्यक्रम का सफल संचालन सेवादल नगरअध्यक्ष मुकेश सेन ने किया एवं आभार सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिकेश पांडे ने व्यक्त किया।

## ट्रेन की टक्कर से वृद्ध की मौत, शिनाख्त के प्रयास में जुटी जीआरपी



**सतना।** रेलवे स्टेशन जैतवारा के प्लेटफार्म नंबर दो पर एक दर्दनाक हादसे में एक अज्ञात वृद्ध की ट्रेन से टकराने के कारण मौत हो गई। घटना की सूचना जैतवारा स्टेशन मास्टर द्वारा जीआरपी सतना को दी गई,जिसके बाद जीआरपी ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक,मृतक की उम्र लगभग 70 से 75 वर्ष के बीच है। उनके पहनावे और हुलिए को देखकर अंदेशा जताया जा रहा है कि वे जैतवारा के ही किसी नजदीकी ग्रामीण क्षेत्र के निवासी हो सकते हैं। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है और पुलिस उनके परिजनों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। उम्र लगभग 70 से 75 वर्ष है सफेद रंग का कुर्ता और सफेद धोती पहने हुए है। उसके पास में एक सफेद रंग का गमछा मिला है। गले में रेशम का धागा और दाहिने हाथ में रक्षा सूत्र (कलावा) बंधा हुआ है।

**खबर संक्षेप**

## राहगीरों को निःशुल्क शीतल पेयों का वितरण

**कटनी।** बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर. एल. चौधरी के द्वारा शनिवार को चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में आमजन व राहगीरों, दिहाड़ी मजदूर, हाथ ठेला, एवं हाथ रिक्शा चालक, आम नागरिक मजदूर को राहत देने के लिए लेबर चौक, आजाद चौक एवं रेलवे स्टेशन कटनी में बेसहारा लोगों को निःशुल्क शीतल तरल पदार्थ जिसमें ओ.आर.एस. इलेट्रॉल। बूस्ट एनर्जी ड्रिंक। ठंडे पानी की बोतल, स्टील की बोतल बिस्किट, नमकीन का वितरण किया गया। बारडोली वेलफेयर सोसाइटी लगातार कई वर्षों से भीषण गर्मी,नव तपा के माह में जहां तापमान लगातार 45% के आसपास जा रहा है जिससे राहगीरों निशुल्क शीतल पेय की सुविधा और प्यास बुझाने के लिए जूस पिलाकर मानव सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी, रूपा बर्मन, माया गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी, सेक्टर प्रभारी,गणपत लाल कोल संगीता बर्मन काशी विश्वकर्मा, राजेश कुमार चौधरी, रविकांत राय, गोविन्द बर्मन सहित संस्था के समस्त सदस्यों ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## रिश्वत मांगने के आडियो वायरल होने पर ASI निलंबित

**कटनी।** स्लीमानाबाद थाने में पदस्थ उप निरीक्षक संतोष बड़गैयां को एक वाहन मालिक से रिश्वत मांगना बेहद महंगा पड़ गया। रिश्वतखोरी की बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्रिंस सोनी नामक व्यक्ति की गाड़ी का विगत दिनों तेवरी के पास एक्सीडेंट हो गया था। वाहन मालिक को अपनी गाड़ी के बीमा क्लेम के लिए थाने में आवेदन देकर उसकी पावती लेनी थी। आरोप है कि इस सीधे और नियमसंगत काम के बदले स्लीमानाबाद थाने में पदस्थ एएसआई संतोष बड़गैयां ने वाहन मालिक से 5,000 रूपये की मांग की। पीड़ित के साथ हुई इस पूरी बातचीत का ऑडियो रिकॉर्ड हो गया और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## जमीनी हकीकत परखने अधिकारी करेंगे गांव के दौरे

**कटनी।** ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्र सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों की मैदानी स्थिति का सटीक आकलन कर सप्ताह में दो दिन ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर प्रतिवेदन समक्ष में प्रस्तुत करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे वाटरशेड, मनरेगा, आवास, एमडीएम आदि के जिला पंचायत के योजना प्रभारी अधिकारियों को दिए हैं।

# छात्रावासों में बच्चा-बच्चियों को डराया धमकाया जाता है और उन्हें शराब परोसी जाती है

### यह आरोप जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्र0 11 रामकुमार चौधरी का सोशल मीडिया बना सुर्खियां

**एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि की भूमिका जिला पंचायत सदस्य रामकुमार चौधरी ने सोशल मीडिया में मानव अधिकार आयोग भोपाल में म0प्र0 को शिकायत का उल्लेख किया वहीं आपने जिले के आदिवासी और सुसूचित जाति के बच्चा-बच्चियों के साथ भेदभाव व भृष्टाचार का आरोप तो लगाया ही वहीं छात्रावासों में बच्चा-बच्चियों को डराया धमकाया जाता है और उन्हें शराब तक परोसी जाती है आखिर अगर इस तरह का आरोप सच है तो कार्यवाही कब होगी वहीं अगर यह आरोप बेबुनियाद तो फिर जिला पंचायत सदस्य आखिरकार जिले की शिक्षा व्यवस्था को मजाक के हालात में क्यों कर रहे है तब्दील**

**पन्ना।**

जिले में जनप्रतिनिधि की भूमिका जिला पंचायत सदस्य के रूप में रामकुमार चौधरी वार्ड क्र0 11 के सदस्य है जिन्होंने 17.04.2026 को अपने नेटर हेड में मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष म0प्र0 को पन्ना जिले के छात्रावासों में बच्चों के साथ उत्पीडन जातिगत भेदभाव एवं शिक्षा विभाग में व्याप्त भृष्टाचार की शिकायत पत्र सोंपा है वहीं सोशल मीडिया में आपका आरोप जहां एक बेहद गंभीर व संगीन सुर्खियां बटोर रहा है जिसमें आपने उल्लेख किया है कि बच्चा-बच्चियों को डराया धमकाया तो जाता ही है और उनको शराब परोसी जाती है मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष को अगर इस तरह की शिकायत मुलाकात करते हुये अवगत कराने की बात सोशल मीडिया में बयां हो रही है सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि जिला पंचायत सभा कक्ष में जिला पंचायत की बैठक में क्या इस तरह के मामले को कभी उठाया गया जहां स्वयं जिला पंचायत सदस्य इस बेहद संगीन मामले को उठा सकते है आखिर क्या वजह है कि जिले में इस तरह के हालात कायम है और मानव अधिकार आयोग तक शिकायत की जाती है बेहद गंभीर मामला जहां सिस्टम को लेकर चौकाने वाला माना जा रहा है आखिर कौन से वह छात्रावास है जहां छात्र-छात्राओं को शराब परोसी जाती है यह तो जिम्मेदार जनप्रतिनिधि रामकुमार चौधरी जिला पंचायत सदस्य ही बयां कर सकते है। आखिर ऐसे छात्रावास को लेकर जिम्मेदार अधिकारी क्या कार्यवाही करेंगे वहीं अगर यह आरोप निराधार निकला तो फिर जिला पंचायत सदस्य जिले की शिक्षा व्यवस्था को लेकर मानव अधिकार आयोग तक जिस तरह से आरोप को लेकर स्वयं सुर्खियों में है आखिर जिले को लेकर क्या माना जायेगा। क्या जिम्मेदारी है जनपप्रतिनिधि के रूप में जहां स्वयं जिला पंचायत सीईओ जिला पंचायत के सचिव के रूप में एक जिम्मेदार अधिकारी माने जाते है वहीं ऐसे मामले जिला कलेक्टर के संज्ञान में क्यों नहीं लाये गये जो छात्रावासों की कार्य प्रणाली के लिये बेहद संवेदनशील जानी जाती है कलेक्अर पन्ना जिन्होंने छात्रावास की बच्चियों से मां की भेंट करके उनकी बात सुनी थी वहीं न्याय की कार्य प्रणाली को अंजाम दिया था फिर इस तरह का मामला मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष तक पहुंचाने के पहले स्वयं जिला पंचायत सदस्य रामकुमार चौधरी ने जिला पंचायत की बैठक में कभी क्यों नहीं उठाया। सवाल नं0 2 अगर आप इस छात्रावास को स्वयं जानते थे तो फिर जिले की शिक्षा समिति जो स्वयं जिला पंचायत के उपाध्यक्ष पदेन शिक्षा समिति के अध्यक्ष होते है आखिर यह कार्यवाही क्या जिले से बाहर ही संभव थी या फिर यह कहें कि यह महज सुर्खियां बटोरने के लिये या फिर वास्तविकता में अगर यह मामला सत्य है तो जिले में छिपा कर क्यों रखा गया। अब तो स्वयं जिला पंचायत सदस्य रामकुमार चौधरी ही इस तरह के बेहद गंभीर व संगीन आरोप जो सोशल मीडिया में सुर्खियां बना हुआ है, जिसका जवाब दे सकते है।

इतना ही नहीं रामकुमार चौधरी जिला पंचायत सदस्य से मोबाइल पर जाना गया आखिर कौन सा छात्रावास है जहां छात्र-छात्राओं को शराब परोसी जाती है तो आपका कहना है कि सिंगवारा छात्रवास जो अनुसूचित जाति जनजाति विभाग का है आपके द्वारा अपने सदन में यह बात क्या उठाई गई तो आपका कहना है कि हमारे अध्यक्ष महोदय तक जानकारी में है इससे यह मामला और ही बेहद संगीन हो जाता है। अब देखना यह है कि इस तरह के मामले को लेकर जिले में क्या कार्यवाही की जायेगी और इसकी सच्चाई कैसे स्वयं जिला पंचायत सदस्य सच साबित करेंगे जो कहीं न कहीं बेहद चौकाने वाला मामला है अगर इस तरह का मामला छात्रावास में है तो कार्यवाही तो बनती है वहीं जिले के समूचे छात्रावासों में पर इस तरह के आरोप लगाना लाजमी नहीं। तभी जिला पंचायत सदस्य से सीधे जाना गया कौन सा छात्रावास है जिस पर यह सामने आया जिले का सिंगवारा छात्रावास जो अनुसूचित जाति जनजाति विभाग का है।



## ओएनजीसी कैंप से 16 एसी की आउटर यूनिट चोरी, अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज

**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र में स्थित एक पुराने ओएनजीसी कैंप से 16 एसी की आउटर यूनिट चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वार्ड क्रमांक 12 निवासी मुकेश चौबे (48) ने थाना अमानगंज में शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने गुनौर-अमानगंज रोड स्थित अपने खेत में ओएनजीसी कंपनी के कर्मचारियों के ठहरने के लिए कमरे बनवाए थे, जिनमें 25 एयर कंडीशनर लगाए गए थे। करीब दो वर्ष पहले कंपनी द्वारा कैंप खाली कर दिया गया था, जिसके बाद एसी और अन्य सामग्री वहीं रखी हुई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार 25 मई की शाम उन्होंने सभी एसी अपने स्थान पर लगे हुए देखे थे। वहीं 30 मई की सुबह खेत में काम करने वाले कर्मचारी कल्लन कुशवाहा ने सूचना दी कि कैंप में लगे एसी की आउटर यूनिट दिखाई नहीं दे रही हैं। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर 16 एसी की आउटर यूनिट गायब मिलीं। मुकेश चौबे ने बताया कि चोरी गई यूनिटों की कीमत और अन्य विवरण की जानकारी बाद में बिल उपलब्ध होने पर दी जाएगी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में जांच कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# उप निरीक्षक देवी प्रसाद मिश्रा हुए सेवा मुक्त, पुलिस परिवार ने दी भाव भीनी विदाई



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना में गत वर्षो से उप निरीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे उप निरीक्षक देवी प्रसाद मिश्रा आज दिनांक 31 मई को सेवा मुक्त हो गए। इस अवसर पर स्थानीय थाना प्रभारी रवि जादोन द्वारा एक विदाई पार्टी का आयोजन पुलिस परिवार के बीच आयोजित किया। यहां उन्होंने मिश्रा जी को मिठाई खिलाई और फूल माला पहनाई और उनके जीवन को स्वस्थ रहने की कामना की। ज्ञात हो कि आपकी प्रथम पद स्थापना 15 अप्रैल 1983 को आरक्षक के पद पर हुई थी, जहां से आपने कुछ ही समय बाद प्रमोशन लेकर प्रधान आरक्षक हुए और फिर सहायक उप निरीक्षक 13 मई 2013 को बने और उप निरीक्षक का दायित्व अपने 1 जनवरी 2023 को पाया लगातार 5 वर्षों तक आपने अमानगंज पुलिस थाना में अपनी सेवाएं दी और टाउन प्रभारी रहते हुए कई गंभीर मामले भी सुलझाये। विदाई के इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि यह सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं जो हमेशा खुश रहे। आपने अपनी विवेचना में तरीके के साथ काम किया है और समय रहते सारे मामले निपटाए। इस मौके पर परिवार के हर सदस्य ने उन्हें विभिन्न उपहार देकर सम्मानित भी किया। आयोजन में पूर्व थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया सहित समूचा पुलिस परिवार मौजूद रहे।

### गुनौर की जीवनरेखा, पर जागा प्रशासन, सकरिया-डिघौरा सड़क का मरम्मत कार्य शुरू

# क्या डिघौरा तिराहा पर भी प्रशासन जल्द करेगा प्रकाश की व्यवस्था या किसी बड़े हादसे का इंतजार?

**गुनौर।** जागरूक नागरिकों की आवाज और सोशल मीडिया पर उठी तीखी मांगों का पन्ना जिला प्रशासन पर बड़ा असर हुआ है। सकरिया-डिघौरा सड़क की बदहाली और भ्रष्टाचार को लेकर जनता में पनप रहे आक्रोश को देखते हुए लोक निर्माण विभाग (च्ॅक्) और संबंधित निर्माण एजेंसी ने तत्काल प्रभाव से सड़क सुधार और मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। सकरिया-डिघौरा सड़क, जिसका भूमि पूजन ओरछा से रिमोट का बटन दबाकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा किया गया था, वह पिछले कुछ समय से हादसों का मार्ग बनी हुई थी। हाल ही में किए गए पैचवर्क के पहली ही बारिश से पहले उखड़ने और पूरी सड़क पर गिट्टियां बिखरने से राहगीर लगातार दुर्घटना का शिकार हो रहे थे। जनता ने इसे टैक्स के पैसे का दुरुपयोग बताते हुए प्रशासन की चुप्पी पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। वर्तमान में सड़क के गड्ढों को भरने और उखड़ी हुई गिट्टियों को ठीक करने का काम चालू कर दिया गया है। उम्मीद है कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न होगा जनता की अब भी पैनी नजर बनी हुई है प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई का स्थानीय नागरिकों ने स्वागत किया है, लेकिन साथ ही यह मांग भी दोहराई है कि यह मरम्मत महज ष्लीपापोतीष न बनकर रह जाए। ग्रामीणों का कहना है कि वे इस बार कार्य की गुणवत्ता पर खुद पैनी नजर रखेंगे ताकि आने वाले मानसून में यह सड़क दोबारा न उखड़े। गौरतलब बात यह है कि इस सड़क का हाल तो वैसा ही है जैसा कि कहावत में कहा गया है कि सिर मुड़वाते ही ओले गिरे यानि की सड़क के बनते देर नहीं हुई और चिथड़े लगना शुरू आखिर मॉनीटरिंग करने वाले क्या देख रहे थे अगर सड़क बनने की बात करे तो पूरी सड़क में स्मूथ रनिंग नहीं है ऊपर नीचे उबड़-खाबड़ की तरह इस सड़क का निर्माण किया गया है वह दिन दूर नहीं जब इस सड़क को पुनः नये सिरे से न बनाना पड़े। यह सड़क तो मिलीभगत की भेंट चढ़ गई।



**अवैध शराब के विरुद्ध पवई पुलिस की बड़ी कार्यवाही**

# कुल 1 हजार 665 लीटर अवैध देशी मदिरा प्लेन शराब पिकअप वाहन सहित जप्त, दोनों की कुल कीमत करीबन 18 लाख 50 हजार रूपये




**पवई।** पन्ना पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अपने थाना क्षेत्रो मे अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। उसी तारतम्य में दिनांक 30/05/26 को पवई थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी की गुनोर-सलेहा तरफ से एक सफेद रंग की पिकअप वाहन बिना नंबर प्लेट की तेज गति से चलाते हुए पवई तरफ आ रही है जिसके अंदर अवैध शराब होने की प्रबल संभावना है। सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों से अवगत कराया गया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह, एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी पवई सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर तत्काल संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वाहन चालक के द्वारा पुलिस को देखकर पिकअप वाहन को ग्राम नारायणपुर तरफ मोड़ दिया जिसका पुलिस के द्वारा पीछा करने पर आरोपी वाहन चालक के द्वारा खेतों में गाड़ी चलाते हुए नारायणपुर के चिमनी भट्टा के पास गाड़ी रोक दी एवं रात्रि में अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया। जब पुलिस के द्वारा पिकअप वाहन को चेक किया गया तो उसमें अवैध रूप से 185 पेटी अवैध देसी मदिरा प्लेन जिसमें कुल 01 हजार 665 लीटर अवैध शराब कीमती करीबन 08 लाख 50 हजार रूपये की भरी पाई जाने से पिकअप वाहन जिसकी कीमत करीबन 10 लाख रुपए एवं दोनों की कुल कीमत करीबन 18 लाख 50 हजार रूपये की संपत्ति जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

**उल्लेखनीय भूमिका -** उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, प्रधान आरक्षक 193 कमलेश शर्मा, प्रधान आरक्षक 495 विनोद कुमार अहिरवार, प्रधान आरक्षक 223 सुरेंद्र प्रजापति, आरक्षक 757 राकेश डुडवे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे मोटरसाइकिल की टक्कर से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, सप्तइया निवासी मुकेश नाथ सपेरा अपनी मां मतिया बाई के साथ शनिवार रात शनि देव मंदिर से दर्शन कर घर लौट रहे थे। ईंटा प्लांट के सामने एक बाइक चालक ने उनकी मां को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उपचार के लिए उन्हें अमानगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद बाइक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बाइक क्रमांक डच 3र्5 ।9204 की पहचान कर मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रैपुरा वन परिक्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धिः विगत वर्षों की तुलना में इस वर्ष 63ः कम फायर अलर्ट

**प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता**



**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल के रैपुरा वन परिक्षेत्र ने वर्ष 2026 के अग्नि मौसम में वन अग्नि प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। विगत पाँच वर्षों में मार्च से मई माह के आंकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात हुआ है कि इस वर्ष रैपुरा परिक्षेत्र में मात्र 41 फायर अलर्ट प्राप्त हुए, जबकि वर्ष 2022 से 2025 के दौरान औसत फायर अलर्ट संख्या लगभग 111 रही थी। इस प्रकार परिक्षेत्र ने अपने दीर्घकालीन औसत की तुलना में लगभग 63 प्रतिशत की कमी दर्ज करते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि के पीछे वन विभाग द्वारा अपनाई गई बहुस्तरीय रणनीति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। परिक्षेत्र की सीमावर्ती बीटों सगौनी, रैपुरा, जमुनिया एवं रतनगांव में गहरी फायर लाइनों की समय पर कटाई एवं सफाई कराई गई तथा संवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर पैदल एवं वाहन गश्त की गई। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप पड़ोसी वनमण्डलों की ओर से एक भी वन अग्नि रैपुरा परिक्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकी। वन क्षेत्र से होकर गुजरने वाली रेलवे लाइन के किनारे विशेष अग्नि सुरक्षा प्रबंधन भी किया गया। रेलवे ट्रैक के दोनों ओर सूखी घास एवं ज्वलनशील पदार्थों की सफाई तथा नियंत्रित दहन (ब्वदजतवससमक ठनतदपदह) कराया गया। इसके परिणामस्वरूप रेलवे लाइन से सटे वन क्षेत्रों में कोई भी वन अग्नि घटना दर्ज नहीं हुई। साथ ही, त्वरित प्रतिक्रिया दल (फनपबा त्मेचवदेम ज्मंउ) को आधुनिक उपकरणों एवं वाहनों सहित लगातार सक्रिय रखा गया, जिससे प्राप्त प्रत्येक अग्नि सूचना पर शीघ्र कार्रवाई कर आग को प्रारंभिक अवस्था में ही नियंत्रित कर लिया गया। वन अग्नि नियंत्रण में स्थानीय समुदायों की भागीदारी भी एक महत्वपूर्ण कारक रही। वन अमले द्वारा ग्राम सभाओं, जनसंवाद कार्यक्रमों एवं जागरूकता अभियानों के माध्यम से ग्रामीणों को वन अग्नि से होने वाले नुकसान एवं उसकी रोकथाम के उपायों के बारे में लगातार जागरूक किया गया। विशेष रूप से उन गांवों पर ध्यान केंद्रित किया गया जहां पूर्व वर्षों में अग्नि घटनाएं अधिक दर्ज होती थीं। परिणामस्वरूप इस वर्ष रैपुरा परिक्षेत्र में कोई भी बड़ी अथवा अनियंत्रित वन अग्नि घटना नहीं हुई। वनमण्डलाधिकारी दक्षिण पन्ना ने इस उपलब्धि का श्रेय रेंज ऑफिसर विवेक जैन के नेतृत्व में रैपुरा परिक्षेत्र के समस्त मैदानी अमले के अथक प्रयासों, त्वरित प्रतिक्रिया दल, ग्राम वन समितियों तथा स्थानीय नागरिकों के सहयोग को दिया है। रैपुरा परिक्षेत्र की यह सफलता वन संरक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

# समान नागरिक संहिता के संबंध में हुई जनपरामर्श बैठक

### समिति सदस्य ने चर्चा कर प्राप्त किए आवश्यक सुझाव





**पन्ना।** मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन के संबंध में विधि विभाग द्वारा इसके अध्ययन एवं परीक्षण के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है, जिसके तहत रविवार को टाउन हॉल पन्ना में समिति सदस्य एवं कानूनविद अनूप नायर की अध्यक्षता में जनपरामर्श एवं सुझाव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों सहित मीडिया प्रतिनिधियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता कर यूसीसी के विभिन्न आयामों पर अपने विचार और सुझाव साझा किए। सदस्य श्री नायर ने उपस्थितजनों को समान नागरिक संहिता की अवधारणा, संवैधानिक आधार, उद्देश्य तथा समाज पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की विस्तृत जानकारी देते हुए इसका उद्देश्य बताया। उन्होंने कहा कि जनपरामर्श के जरिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित कर एवं महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त कर अध्ययन व परीक्षण की प्रक्रिया को तथ्यपरक, संतुलित और समावेशी बनाया जाएगा। उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने व पारिवारिक कानूनों से जुड़े विभिन्न पहलुओं आदि पर अपने विचार व्यक्त किए गए तथा सामाजिक समानता, न्यायिक एकरूपता व महिलाओं के अधिकारों की दृष्टि से भी यूसीसी की उपयोगिता पर विचार रखे। सामाजिक सांस्कृतिक पहलुओं के दृष्टिगत आवश्यक सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। जनपरामर्श कार्यक्रम के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के मत, अपेक्षाओं और सुझावों को समाहित कर ऐसी व्यापक रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जो समान नागरिक संहिता के संबंध में संतुलित एवं व्यवहारिक दृष्टिकोण प्रस्तुत कर सके। आमजनों द्वारा इस संबंध में वेबसाइट ीजजचेरू/नबब.उच.हवअ.पद/ीवउम के माध्यम से भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उच्च स्तरीय समिति सदस्य श्री नायर द्वारा अवगत कराया गया कि यूसीसी के क्रियान्वयन के संबंध में समिति द्वारा उचित निर्णय लेकर राज्य शासन को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। इसमें सभी धर्म के लिए समान अधिकार और कानून लागू करने की व्यवस्था है। पारंपरिक संस्कृति व परम्परा पर इसके माध्यम से किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा। जनपरामर्श बैठक में समान नागरिक संहिता के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त लिटिगेशन एवं समन्वय कविता बाटला भी उपस्थित रहीं। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया, जबकि कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार ने किया।

# थाना देवेन्द्रनगर पुलिस की प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई, चोरी गई मोटर साइकिल बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के नेतृत्व में जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना देवेन्द्रनगर पुलिस को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। फरियादी प्रहलाद पटेल निवासी वार्ड क्रमांक 14, बमरी, थाना देवेन्द्रनगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 26 मई 2026 की रात्रि उसके घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर थाना देवेन्द्रनगर में अपराध क्रमांक 264/2026 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना एवं अन्य उपलब्ध तथ्यों का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया। लगातार एवं सघन प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रकरण में संलिप्त आरोपी की पहचान कर उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी पुष्पेन्द्र कुमार रवि (उम्र 41 वर्ष), निवासी ग्राम सोनोरा, थाना रामपुर बघेलान, जिला सतना द्वारा अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की गई। आरोपी के कब्जे से चोरी गई पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक डच 35 डै 0614 बरामद की गई। साथ ही घटना में प्रयुक्त अन्य मोटरसाइकिल भी जप्त की गई है। प्रकरण में विधि के साथ संघर्षरत एक बालक की संलिप्तता पाए जाने पर उसके संबंध में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप पृथक वैधानिक कार्यवाही की गई है। उसकी पहचान गोपनीय रखी गई है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

**जप्त संपत्ति -** चोरी गई पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक डच 35 डै 0614, अनुमानित कीमत 80,000। घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक डच 1र्9 ड 7848, अनुमानित कीमत 1,00,000।

**सराहनीय भूमिका -** उक्त सफलता में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरीक्षक संतोष सिंह यादव, प्रधान आरक्षक धीरेन्द्र सिंह, शंकर प्रताप सिंह, सतेंद्र बागरी, शिवस्वरूप तिवारी, आरक्षक बृजेंद्र रैकवार, रोहित बागरी एवं महिला आरक्षक दीपा गुप्ता की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही। पुलिस टीम के समर्पित, सतर्क एवं अथक प्रयासों से चोरी गई मोटरसाइकिल शीघ्र बरामद कर प्रकरण का सफल खुलासा किया गया।

## खबर संक्षेप

### 16 से 23 जून तक चलेगी 5वीं एवं 8वीं पुनः परीक्षा

**कटनी।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा कक्षा 5वीं एवं 8वीं की पुनः परीक्षा की तिथियों में संशोधन किया गया है। इस संबंध में समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार पुनः परीक्षा का आयोजन 16 जून से 23 जून तक किया जाएगा। इसके बाद 24 से 28 जून के बीच उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि पुनः परीक्षा के आयोजन संबंधी अन्य सभी पूर्व निर्देश यथावत रहेंगे।

### ग्रामीणों को दिया गया जल संरक्षण का संदेश

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए विकासखंड विजयराघवगढ़ में व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। ग्राम पथरहटा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा दीवार लेखन के माध्यीम से ग्रामीणों को जल बचाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के तहत समिति के सदस्यों ने गांव के सार्वजनिक और प्रमुख स्थानों की दीवारों पर आकर्षक व सारगर्भित नारे लिखे हैं। दीवार लेखन के माध्यम से ₹जल है तो कल है₹, ₹जल जीवन का अनमोल रतन, इसे बचाने का सब करो जतन₹ तथा ₹दादा-दादी करें गुहार, पानी बचाओ अबकी बार₹ जैसे संदेशों के जरिए पानी की एक-एक बूंद की कीमत को रेखांकित किया गया है। जल स्रोतों को दूषित न करने के संकल्प के रूप में चौपाई लिखकर भी लोगों को जागरूक किया गया।

### सेवानिवृत्ति पर अधीक्षण यंत्री को दी गई भावभीनी विदाई

**रीवा ।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अनिल कुमार निगम को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि श्री निगम बहुत ही योग्य इंजीनियर और अच्छे प्रशासक हैं। तकनीकी ज्ञान में कुशलता के कारण विभाग में आपका विशेष सम्मान है। आपने रीवा में केवल 11 माह के कार्यकाल में भी अपनी सरलता और कार्यकुशलता से छाप छोड़ी। आपके कार्यों से विभाग और रीवा की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई। कमिश्नर जामोद ने स्मृति चिन्ह, शॉल-श्रीफल और पुष्पहार से श्री निगम का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में श्री निगम ने कहा कि रीवा में मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। यहाँ कमिश्नर कार्यालय की साप्ताहिक समीक्षा बैठकों में अन्य विभागों की भी गतिविधियों और योजनाओं की जानकारी मिली। कार्यक्रम में नवागत अधीक्षण यंत्री श्री पटेल, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार तथा अन्य अधिकारियों ने भी सेवानिवृत्त श्री निगम के व्यक्तित्व और कार्यों पर प्रकाश डाला तथा शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा एमएस पैकरा, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बेटे का शव लेकर जेल पहुंचे परिजन,

**रीवा।** केंद्रीय जेल रीवा के बाहर शनिवार को एक बेहद मार्मिक और भावुक दृश्य देखने को मिला। एक 20 वर्षीय युवक की मौत के बाद उसके परिजन शव को एंबुलेंस में लेकर केंद्रीय जेल पहुंच गए और जेल में बंद उसके पिता तथा चाचा को अंतिम दर्शन कराने की मांग करने लगे। हालांकि प्रशासनिक प्रक्रियाओं और कानूनी नियमों के चलते पिता और मृत पुत्र के अंतिम मिलन का इंतजार घंटों तक जारी रहा।जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान योगी रावत (20) निवासी पुरवा परडिया के रूप में हुई है। बताया गया है कि योगी अपने नाना राम जियावन रावत के यहां सगरा नवागांव में रह रहा था। परिजनों के मुताबिक उसकी अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई, जिससे पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि योगी के पिता शेर बहादुर रावत, चाचा विनोद रावत और राकेश रावत वर्ष 2021 में हुए एक हत्या प्रकरण में केंद्रीय जेल रीवा में निरुद्ध हैं। घटना के बाद से तीनों भाई जेल में बंद हैं। इसी बीच शेर बहादुर रावत के इकलौते पुत्र योगी रावत की असमय मौत हो गई। पुत्र के निधन की सूचना मिलने के बाद परिजन शव को लेकर केंद्रीय जेल पहुंचे और जेल प्रशासन से अनुरोध किया कि मृतक के पिता को बेटे के अंतिम दर्शन की अनुमति दी जाए। परिजनों का कहना था कि एक पिता को अपने पुत्र का अंतिम बार चेहरा देखने का अवसर मिलना चाहिए। इस मांग को लेकर परिवार के सदस्य जेल परिसर के बाहर घंटों तक इंतजार करते रहे।

# गांधी आश्रम बाल रंग शिविर का भव्य समापन
# बच्चों की प्रतिभा ने जीता सभी का दिल

छतरपुर।

शहर के गांधी आश्रम में एक माह तक चले बाल रंग शिविर का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में बच्चों ने अपनी रचनात्मक और सांस्कृतिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों एवं अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई जिसमें वरिष्ठ गांधीवादी प्रेमनारायण मिश्रा, आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक श्याम गौतम, दमयंती पाणी, रणछोड़ चौरसिया, डॉ.संजय शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र अग्रवाल, समाजसेवी शंकर सोनी, लिनेस उड़ान क्लब की अध्यक्ष अमिता जैन, संजीव नगरिया, शिवानी चौरसिया सहित अन्य गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में पहली प्रस्तुति नन्हे कलाकारों ने डांस के रूप में दी जिसमें उनकी कदमताल और भाव भंगिमाओं ने जमकर तालियां बटोरीं। इसके पश्चात महेंद्र तिवारी के संगीत संयोजन में बच्चों ने केदारनाथ अग्रवाल, हरिओम राजोरिया आदि की रचनाओं की संगीतमय प्रस्तुति देकर माहौल को और ऊँचाइयाँ प्रदान की।

अगली पेशकश निशांत वाल्मीक के निर्देशन में लगान फिल्म की कहानी पर आधारित नृत्य प्रस्तुति रही जिसमें लगभग 20 कलाकारों ने डायलॉग्स और नृत्य के माध्यम से सामूहिक प्रयासों से मिली जीत की कहानी को जीवंत किया।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारतेंदु हरिश्चंद्र का लिखा प्रसिद्ध नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा रहा। इस नाटक को वरिष्ठ रंगकर्मी शिवेन्द्र शुक्ला ने नए और समसामयिक घटनाओं को पिरोकर जोकर शैली में प्रस्तुत किया जिसने वर्तमान समय में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनाचार की पोल खोल दी। नाटक के डायलॉग्स पर लगातार तालियां बजती रहीं। इस नाटक की एक खास बात यह रही कि इसमें प्रयोग के तौर पर बच्चों के साथ उनके प्रशिक्षकों ने भी अभिनय किया जिससे यह नाटक और भी जोरदार और प्रभावशाली बन पड़ा। नाटक में बच्चों की अभिनय क्षमता और संवाद अदायगी ने सभी का मन मोह लिया। बाज़ार के दृश्य में भरपूर गीत संगीत के प्रयोग से लोग डायलॉग्स के साथ झूमते रहे।

समर कैंप के दौरान बच्चों को नाटक, गायन, पेंटिंग एवं अन्य कलात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया था। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्रेमनारायण अग्रवाल ने कहा कि इस प्रभावशाली और समसामयिक नाटक का मंचन अन्य मंचों पर भी होना चाहिए। सुरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को एक माह में इतना अच्छा माहौल देकर उनके कलाएँ सीखना सिर्फ इप्टा और गांधी आश्रम के शिविर में ही हो सकता है।

समारोह में बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक और मनमोहक पेंटिंग्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्रों ने बच्चों की रचनात्मक सोच और कलात्मक अभिरुचि को बखूबी प्रदर्शित किया।

वरिष्ठ रंगकर्मी शिवेंद्र शुक्ला और उनकी टीम द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा उनकी रचनात्मक एवं सांस्कृतिक क्षमताओं का विकास करना है। समापन समारोह में शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, पत्रकार एवं अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन नीरज खरे, श्रुति चौरसिया और अनन्या वर्मा ने किया। इस दौरान शंखनाद नाट्य मंच की अध्यक्ष अंजलि शुक्ला सहित टीम के अभिदीप सुहाने, सर्वेश खरे,मानस गुप्ता, दीपांश रजक, दीपचंद, स्वाति, विकास मिश्रा, राजेश कुशवाहा सहित टीम के सदस्य मौजूद रहे। समापन में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न वितरित किए गए।

## दबंग ने मां-बेटे के साथ की मारपीट, जिला अस्पताल में भर्ती



**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम हतना में एक दबंग द्वारा मां-बेटे के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में घायल हुए दोनों लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम हतना निवासी अशोक अहिरवार (35) पुत्र मुकुन्दी अहिरवार ने बताया कि उसकी मां तुलसीबाई अहिरवार (70) पत्नी मुकुन्दी अहिरवार बीती शाम करीब 7 बजे घर के बाहर बैठी हुई थीं। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला दशरथ अहिरवार वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। जब अशोक ने इसका विरोध किया तो आरोपी भड़क गया और उसने अशोक तथा उसकी मां के साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी। मारपीट की घटना के बाद परिजनों ने तत्काल डायल-112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल छतरपुर लाया गया, जहां उन्हें ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है।

## आमने-सामने बाइक भिड़ंत में दो मौसेरे भाइयों की मौत, दो अन्य घायल



**लवकुशनगर।** छतरपुर जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। बगमऊ के पास आमने-सामने दो मोटरसाइकिलों की जोरदार टक्कर में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे की उपचार के दौरान मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीरा टहनगा निवासी सुरेश अहिरवार (36) पिता हिरूआ अहिरवार एवं हीरा अहिरवार (46) पिता ठकुरा अहिरवार शनिवार रात करीब 10 बजे परसनियां से अपने गांव पीरा लौट रहे थे। इसी दौरान बगमऊ के समीप सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि हीरा अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल सुरेश अहिरवार को तत्काल लवकुशनगर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। बताया गया है कि मृतक सुरेश और हीरा आपस में मौसेरे भाई थे। हादसे में दूसरी बाइक पर सवार दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनकी पहचान नहीं हो सकी थी।

रविवार को पुलिस की मौजूदगी में हीरा अहिरवार का पोस्टमार्टम लवकुशनगर अस्पताल तथा सुरेश अहिरवार का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल छतरपुर में कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद दोनों परिवारों में शोक का माहौल है।



## घर में बनी दाल खाने से एक ही परिवार के 6 लोग बीमार, जिला अस्पताल रेफर

**छतरपुर।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बंधवार में घर में बनी चने और उड़द की दाल खाने के बाद एक ही परिवार के छह लोगों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को उल्टी-दस्त की शिकायत होने पर पहले बड़ामलहरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया।

परिजनों के अनुसार परिवार के सभी सदस्यों ने घर पर बनी चने और उड़द की दाल का सेवन किया था। इसके कुछ समय बाद सभी की तबीयत अचानक खराब होने लगी और उन्हें लगातार उल्टी-दस्त होने लगे। सूचना मिलते ही परिजन सभी को तत्काल बड़ामलहरा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पूरे दिन उनका उपचार किया गया।

हालत में अपेक्षित सुधार नहीं होने और स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सभी मरीजों को जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में सभी का उपचार जारी है और डॉक्टर उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

घायलों में देशपाल सिंह बुंदेला (35), अनन्या राजा (13), राज राजा (12), गोलू राजा (10), हीरा राजा (35) एवं उमा राजा (40) निवासी ग्राम बंधवार शामिल हैं। प्रारंभिक तौर पर मामला फूड पॉइजनिंग का माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

## सर्पदंश से महिला की मौत, झाड़-फूंक के चक्कर में भटकते रहे परिजन, जिला अस्पताल में दो पक्षों में विवाद



**छतरपुर।** जिले के ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर निवासी 25 वर्षीय हर्षिनी शिवहरे पति गोकुल प्रसाद शिवहरे की सर्पदंश से मौत हो गई। घटना शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात की बताई जा रही है, जब हर्षिनी घर पर सो रही थी। इसी दौरान उसे किसी विषैले जीव अथवा सर्प ने काट लिया। सुबह तबीयत बिगडऩे पर उसने परिजनों को इसकी जानकारी दी।परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया। हालत गंभीर होने और सुधार नहीं होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी रेफर कर दिया। झांसी पहुंचने पर चिकित्सकों ने हर्षिनी को मृत घोषित कर दिया।मृत्यु की सूचना मिलने के बाद भी परिजनों को विश्वास नहीं हुआ और वे शव को लेकर राठ-पनवाड़ी क्षेत्र में झाड़-फूंक कराने पहुंच गए। वहां से भी संतुष्टि नहीं मिलने पर शव को टीकमगढ़ ले जाकर झाड़-फूंक कराई गई। इसके बाद शाम के समय परिजन शव को पुनः जिला अस्पताल छतरपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।इस दौरान जिला अस्पताल में मृतका के मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए। उनका आरोप था कि उन्हें घटना और मौत की सूचना देर से दी गई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया और हाथापाई की स्थिति निर्मित हो गई। अस्पताल परिसर में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया।

## अटैया बाबा धाम में महापुराण का हुआ समापन, भव्य भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

**चंदला। क्षेत्र के बंसिया थाना अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अटैया बाबा धाम में आयोजित अ_ारह महापुराण का समापन विशाल भंडारे के साथ श्रद्धा और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया।**



अटैया बाबा धाम की धार्मिक मान्यता क्षेत्र में विशेष रूप से प्रचलित है। स्थानीय लोगों के अनुसार चुरयारी गांव के अटैया परिवार से संबंधित एक ब्राह्मण ने वर्षों पूर्व पीपल के वृक्ष पर आत्मोत्सर्ग किया था। इसके बाद से यह स्थान आस्था और श्रद्धा का केंद्र बन गया। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि अटैया बाबा के आशीर्वाद से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं तथा उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि दूर-दूर से लोग यहां दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। महापुराण कार्यक्रम का शुभारंभ 18 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था। इसके बाद पूरे आयोजन अवधि के दौरान धाम में धार्मिक अनुष्ठान, कथा-प्रवचन और भजन-कीर्तन का सिलसिला चलता रहा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।समापन भंडारे को सफल बनाने के लिए अटैया बाबा कमेटी द्वारा विभिन्न गांवों में समितियों का गठन किया गया था। इन समितियों ने भोजन व्यवस्था, प्रसाद वितरण, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं का दायित्व संभालते हुए आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया। भंडारे के एक दिन पूर्व ही सैकड़ों गांवों से हजारों श्रद्धालु प्रसाद निर्माण की तैयारियों में जुट गए थे। भंडारे में शामिल होने के लिए आसपास के सैकड़ों गांवों से श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, चार पहिया वाहनों एवं अन्य साधनों से बड़ी संख्या में पहुंचे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई थानों का पुलिस बल भी तैनात किया गया था। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

**कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा श्रवण कर श्रोताओं ने लिया आनंद**

## कथा के पांचवें दिन गिरिराज महाराज की पूजा के दौरान लगाया गया छप्पन भोग का प्रसाद

*भगवान प्रेम के भूंखे है गोपियों से प्रेम रूपी माखन की चोरी की - दीनबंधु दास*



**नौगांव।** बिलहरी में भागवत कथा के चलते पांचवे दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर दीनबंधु दास जी महाराज ने भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया जिसमें नंदोत्सव, कृष्ण बलराम का नामकरण संस्कार, ऊखल बंधन, माखन चोरी लीला की कथा के साथ पूतना वध एवं आखरी में गोवर्धन पूजा की कथा श्रवण कराई तथा गिरिराज जी भगवान को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। वृन्दावन धाम से आये कलाकारों द्वारा छप्पन भोग के पदों का गायन कर गिरिराज जी महाराज की आरती उतारी गई।

पावन पुरुषोत्तम मास के चलते माफीदार परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रीधाम वृंदावन से पधारे मलूक पीठाधीश्वर श्री राजेंद्र दास देवाचार्य जी महाराज के परम कृपापात्र महामंडलेश्व श्री दीनबंधु दास जी महाराज के मुखारविंद से सभी धर्मप्रेमी बंधुओं को निरंतर पांच दिनों से कथा श्रवण कराई जा रही है। पुरुषोत्तम मास के चलते कथा में अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है युवती भी बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने आ रही है। भागवत कथा के पाँचवे दिन भगवान के जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए बाल लीलाओं की कथा सुनाई जिसमें नंदोत्सव, कृष्ण बलराम का नामकरण संस्कार, ऊखल बंधन के साथ साथ माखन चोरी लीला की कथा विस्तार से सुनाते हुए कहा भगवान ने उन्ही गोपी के घर का माखन चुराया जिन्हें कृष्ण से प्रेम था। कृष्ण ने प्रेम रूपी माखन की चोरी की पदार्थ रूपी की नही इसलिए प्रसाद को भी पदार्थ की दृष्टि से नही लेना चाहिए प्रेम रूपी ही प्रसाद ग्रहण करना चाहिए। इसके बाद पूतना वध एवं भागवत कथा के आखरी में गोवर्धन पूजा की कथा श्रवण कराई जिसमें ब्रज में जल वृष्टि होने के कारण सभी ग्वाल बालों ने गिरिराज जी की तलहटी में पहुँच कर शरण ली तथा कथा में गिरिराज महाराज को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। गिरिराज जी की दिव्य झांकी सजाई गई और पद गायन किया जिसमें सभी नर-नारी भागवत दरबार में झूमते नजर आए सभी ने गिरिराज जी की परिक्रमा लगाई। भागवत कथा में वृन्दावन से आये कलाकारों पुरुषोत्तम पाठक के द्वारा पद गायन किया जा रहा है। आचार्य पं. श्री पुरुषोत्तम रावत के द्वारा भागवत जी का मूल पाठ किया जा रहा है। गोवर्धन पूजा के दौरान माफीदार परिवार के राजेंद्र दीक्षित , राधेश, मनोज, दीपक, सावन, कपिल, मोहित, अयन , प्रियेश, किरण, संध्या, मनीषा, मधु, आरती, रचना, नेहा, शिवानी, आकर्षिता, लाडली, माधवी, आयना सहित सभी झूमते नजर आए कथा के बाद गिरिराज भगवान की आरती की गई तत्पश्चात छप्पन भोग के प्रसाद का वितरण किया गया।

**तंबाकू निषेध दिवस पर युवाओं ने ली नशामुक्ति की शपथ**

## गायत्री सिंह भदौरिया के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**छतरपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बुंदेलखंड जीवन रक्षा डी-एडिक्शन सेंटर, छतरपुर द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं एवं नागरिकों को तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर तंबाकू सेवन के खिलाफ संदेश दिया और लोगों से स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की अपील की। वक्ताओं ने बताया कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग एवं अन्य गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है, जिससे व्यक्ति के साथ-साथ उसका परिवार और समाज भी प्रभावित होता है।

संस्था की डायरेक्टर गायत्री सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं को नशे से दूर रहने और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा देने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से ही नशे की बढ़ती समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गायत्री सिंह भदौरिया द्वारा किए जा रहे नशामुक्ति एवं जनजागरूकता कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर संस्था के सदस्य, युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे और नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### जमीन पर कब्जे को लेकर खूनी संघर्ष, लाठी-डंडों से हमला;

पति-पत्नी और बेटी घायलडभौरा थाना क्षेत्र की घटना

**रीवा।** जिले के डभौरा थाना क्षेत्र में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में लाठी-डंडे चल गए, जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पति, पत्नी और उनकी बेटी शामिल हैं, जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय रीवा में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। पीड़ित पक्ष के विमलेश बंसल ने बताया कि उनका और भैयालाल बंसल के परिवार के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि विरोधी पक्ष द्वारा उनकी भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। इसी विवाद को लेकर शनिवार को फिर से तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। जानकारी के अनुसार, विवादित भूमि पर कथित रूप से कब्जा किए जाने की सूचना मिलने पर कमलाकर बंसल, उनकी पत्नी और बेटी मौके पर पहुंचे तथा इसका विरोध किया। आरोप है कि विरोध करने से नाराज दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में कमलाकर बंसल, उनकी पत्नी तथा बेटी घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पीड़ित परिवार ने पूरे मामले की शिकायत डभौरा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मऊगंज में करणी सेना संगठन विस्तार के साथ नई कार्यकारिणी घोषित

**मऊगंज।** राष्ट्रीय और राज्यव्यापी अभियान के तहत करणी सेना ने जिले में अपने संगठन का सफलतापूर्वक विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया है। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।इस महत्वपूर्ण घोषणा के अवसर पर करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह डोडिया ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि हमारी टीम गौ रक्षा और जनहित मुद्दो के लिए काम करेगी साथ मे संगठन का विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। हमें पूरा विश्वास है कि यह नई टीम पूरे समर्पण के साथ गौ रक्षा, समाज सेवा और जनहित के मुद्दों के लिए धरातल पर कार्य करेगी। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की नीतियों और विचारधारा के अनुरूप काम करने के लिए विपिन शुक्ला जिला उपाध्यक्ष अंकित मिश्रा जिला आईटी सेल सुमित सिंह जिला मंत्री अमित मिश्रा जिला सचिव आलोक पटेल शोशल मीडिया शिवेंद्र पटेल ब्लॉक अध्यक्ष हनुमना युवा मोर्चा मुकेश पाण्डेय नगर अध्यक्ष मऊगंज की जिम्मेदारी सौंपी गई है।इउन्होंने आगे कहा कि करणी सेना का मुख्य लक्ष्य आम जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और न्याय के लिए संघर्ष करना है।विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्पइस विस्तार का मुख्य उद्देश्य संगठन से नए सदस्यों को जोड़ना और करणी सेना की लोक-कल्याणकारी विचारधारा को हर घर तक पहुँचाना है।

**खराब हो रही सड़के, प्रतिदिन हो रहे हादसे**

# 57 दिन से बंद है बायपास, चार बार बढ़ाई जा चुकी है समय सीमा, शहर की सड़कों पर बढ़ा दबाव

**रीवा।** शहर के यातायात का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग माने जाने वाले रीवा बायपास के शुरू होने की तारीख लगातार आगे बढ़ा रही है। 4 अप्रैल से बंद पड़े बायपास को लेकर निर्माण एजेंसी केसीसी कंपनी द्वारा लगातार समय-सीमा बढ़ाई जा रही है। अब तक चार बार बाइपास चालू करने की तारीख बदली जा चुकी है। हाल ही में कमिश्नर कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में केसीसी कंपनी के अधिकारियों ने 31 मई से बायपास पर यातायात शुरू करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद प्रशासन को उम्मीद थी कि लंबे समय से चली आ रही समस्या समाप्त हो जाएगी, लेकिन कंपनी ने एक बार फिर नई जानकारी देते हुए कहा कि बायपास को सीधे शुरू करने के बजाय पहले तीन दिन तक तकनीकी परीक्षण (टेस्टिंग) की जाएगी। इसके बाद ही यातायात बहाल करने पर निर्णय लिया जाएगा। लेकिन 31 में को शुरू होने वाले टेस्टिंग को भी प्रारंभ नहीं किया गया।





### ये मार्ग हो गए खस्ताहाल

विशेष रूप से बोदा अजगरहा मार्ग की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है। सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया है और आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बाइपास बंद होने का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है, जबकि सड़क सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इधर माडल रोड से भारी वाहनों के दबाव के चलते सड़क की स्थिति खराब होने लगी है। दिन भर इस मार्ग में जाम लगता है। बोदा अजगरहा और आसपास के गांवों के लोगों ने का ध्यान सड़क की खराब स्थिति की ओर आकर्षित कराया है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी और प्रशासन के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा जनता भुगत रही है।

### कई बार मिल चुकी तारीख

बाइपास निर्माण और मरम्मत कार्य को लेकर पहले भी कई बार समय सीमा घोषित की गई, लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से इसे आगे बढ़ा दिया गया। इससे वाहन चालकों का भरोसा भी कमजोर पड़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि कार्य पूरा नहीं हुआ था तो बार-बार तारीख घोषित करने की बजाय वास्तविक स्थिति सार्वजनिक की जानी चाहिए थी।टेस्टिंग रिपोर्ट का किया जा रहा इंतजारअब प्रशासन की निगाहें अगले तीन दिनों की टेस्टिंग पर टिकी हैं। यदि परीक्षण सफल रहता है तो जून के पहले सप्ताह में बाइपास पर यातायात बहाल हो सकता है। हालांकि लगातार बढ़ती समय-सीमा और अधूरी घोषणाओं के कारण लोग अभी भी संशय में हैं। बाइपास बंद होने का सबसे बड़ा असर शहर की आंतरिक सड़कों पर दिखाई दे रहा है। भारी वाहन, ट्रक और लंबी दूरी के यात्री वाहन अब शहर के भीतर से गुजरने को मजबूर हैं। इसके कारण ट्रैफिक दबाव बढ़ गया है और कई प्रमुख मार्ग तेजी से खराब हो रहे हैं।



## जगरहा मार्ग पर फूटा लोगों का गुस्सा, चक्काजाम कर किया प्रदर्शन

शहर के बोदा-अजगरहा मार्ग पर रविवार को स्थानीय रहवासियों का आक्रोश सड़क पर देखने को मिला। क्षेत्र की विभिन्न मूलभूत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मोहल्लावासियों ने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप था कि लंबे समय से क्षेत्र में भारी वाहनों का अनियंत्रित आवागमन जारी है, जिससे सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं और आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। रहवासियों का कहना था कि कई बार प्रशासन और संबंधित विभागों को शिकायतें दी गईं, लेकिन समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। इसी वजह से लोगों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि बोदा-अजगरहा मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। उनका कहना था कि सड़क की क्षमता से अधिक भार वाले वाहन लगातार गुजर रहे हैं, जिसके कारण सड़क तेजी से खराब हो रही है। बरसात के मौसम में यह स्थिति और गंभीर हो जाती है तथा गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। नागरिकों ने मार्ग का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण कराने की मांग भी प्रशासन से की। आंदोलन में शामिल लोगों ने क्षेत्र में सीवर लाइन और पेयजल पाइप लाइन की जर्जर स्थिति का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि कई स्थानों पर पाइप लाइनों में लीकेज होने से सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है। इससे एक ओर सड़कें खराब हो रही हैं तो दूसरी ओर पेयजल के प्रदूषित होने का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य संबंधी संभावित खतरों का हवाला देते हुए सभी लीकेज बिंदुओं का सर्वे कराकर तत्काल सुधार कार्य कराने की मांग की।वही वार्ड क्रमांक 8 के निवासियों ने लंबे समय से चली आ रही लो वोल्टेज की समस्या को भी प्रमुख मुद्दा बताया। रहवासियों का कहना था कि कम वोल्टेज के कारण घरेलू विद्युत उपकरण ठीक से संचालित नहीं हो पा रहे हैं। गर्मी के मौसम में लोगों को अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विद्युत विभाग से ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने, लाइन सुधार कार्य कराने तथा अन्य तकनीकी उपायों के माध्यम से समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों से समन्वय कर जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया

## तंबाकू उत्पादों का अंतिम संस्कार कर दिया नशामुक्ति का संदेश निषेध दिवस पर अनोखा प्रदर्शन, युवाओं से नशा छोड़ने की अपील

**रीवा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को रीवा में नशामुक्ति का संदेश देने के लिए एक अनोखा और आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तंबाकू उत्पादों का प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार कर लोगों को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजसेवी, युवा और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। भगत सिंह सेवा समिति के अध्यक्ष एवं नशामुक्ति अभियान से जुड़े समाजसेवी सुजीत द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में गुटखा, तंबाकू, सिगरेट समेत अन्य तंबाकू उत्पादों को एकत्र कर उनकी प्रतीकात्मक चिता सजाई गई। इसके बाद विधिवत अंतिम संस्कार कर यह संदेश दिया गया कि तंबाकू जैसी घातक लत को समाज से समाप्त करना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। लोगों ने



स्वयं तंबाकू और अन्य नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। सुजीत द्विवेदी ने कहा कि रीवा जिले में तंबाकू सेवन के कारण कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में बड़ी संख्या में ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं, जिनकी बीमारी का प्रमुख कारण तंबाकू का सेवन है। विशेष रूप से युवा वर्ग तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस का उद्देश्य केवल एक दिन जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि लोगों को तंबाकू के खतरों के प्रति सचेत करना है। यदि समय रहते इस आदत को नहीं छोड़ा गया तो इसके गंभीर और घातक परिणाम सामने आ सकते हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी बीमारियों की जानकारी देते हुए लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। आयोजन के अंत में सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

**गंगेव जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी पर अपहरण का आरोप**

## पति बोला पत्नी को उठा ले गए, पत्नी ने वीडियो जारी कर कहा- मेरे पति पर बनाया जा रहा दबाव, वीडियो और आरोपों के बीच उलझा मामला

**रीवा।** गंगेव जनपद पंचायत की राजनीति इन दिनों किसी राजनीतिक थ्रिलर से कम नहीं दिख रही है। अध्यक्ष पद की कुर्सी बचाने और गिराने की कथित सियासी जंग के बीच एक महिला जनपद सदस्य और उसके पति को लेकर ऐसा विवाद सामने आया है, जिसने पूरे जिले की राजनीति में हलचल मचा दी है। एक ओर पति ने अपनी पत्नी के अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है, वहीं दूसरी ओर महिला जनपद सदस्य का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह खुद को सुरक्षित बताते हुए अपने पति पर दबाव बनाए जाने की बात कह रही है। मामले की शुरुआत उस समय हुई जब महिला जनपद सदस्य के पति अमृतलाल नामदेव ने पहले मनगवां थाने और बाद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया गया है और इसके पीछे गंगेव जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी जब बड़जस्ती उनकी पत्नी को घर से



अपहरण करके ले गया है। जनपद अध्यक्ष पद को बचाने के लिए उनकी पत्नी को उनके संपर्क से दूर रखा गया है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर पत्नी को सुरक्षित वापस लाने की मांग की है।

### शिकायत के बाद सामने आया महिला जनपद सदस्य का वीडियो

पति की शिकायत के कुछ ही समय बाद महिला जनपद सदस्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। वीडियो में महिला ने अपने पति द्वारा लगाए गए आरोपों को अलग नजरिए से प्रस्तुत किया। वीडियो में महिला ने कहा कि वह सुरक्षित है और उस पर किसी प्रकार का दबाव नहीं है। इसके साथ ही उसने दावा किया कि राजनीतिक कारणों से उसके और उसके पति पर दबाव बनाया जा रहा है। महिला ने यह भी कहा कि कुछ लोग उन्हें राजनीतिक रूप से प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि वीडियो सामने आने के बाद भी विवाद कम नहीं हुआ, बल्कि और गहरा गया।

### सियासत के केंद्र में बना पति-पत्नी का विवाद

गंगेव जनपद पंचायत में पिछले कुछ समय से अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज बताई जा रही हैं। जनपद के भीतर विभिन्न गुट सक्रिय हैं और सत्ता संतुलन को लेकर लगातार रणनीतियां बनाई जा रही हैं। इसी बीच एक जनपद सदस्य और उसके पति का विवाद अचानक राजनीतिक रंग लेता दिखाई दे रहा हैपूरा घटनाक्रम को अध्यक्ष पद बचाने और गिराने की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

## नौतपा के बीच बदला मौसम का मिजाज, तेज आंधी और बारिश से तरबतर हुईं सड़के भीषण गर्मी से मिली राहत

**रीवा।** नौतपा की तपिश के बीच रविवार को रीवा में मौसम ने अचानक करवट ले ली। मध्यप्रदेश में मानसून की दस्तक से पहले ही मौसम में आए बदलाव का असर रीवा सहित प्रदेश के कई जिलों में देखने को मिला। दोपहर बाद तेज हवाओं, आंधी और गरज-चमक के साथ हुई बारिश ने जहां सड़कों को तरबतर कर दिया, वहीं पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोगों को बड़ी राहत मिली।मौसम विभाग द्वारा पूर्व में जारी किए गए अलर्ट के अनुरूप रविवार को सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा बना रहा।दिनभर धूप और छांव का दौर चलता रहा, जिसके बाद दोपहर में मौसम अचानक बदला और तेज हवाएं चलने लगीं। देखते ही देखते शहर के विभिन्न हिस्सों में बारिश शुरू हो गई। कई इलाकों में तेज बारिश दर्ज की गई, जबकि कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हुई। बारिश के चलते शहर की प्रमुख सड़कों और बाजार क्षेत्रों में पानी भर गया। सड़कें भीगने से वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। बीते कई दिनों से नौतपा के कारण तापमान लगातार ऊंचा बना हुआ था,



जिससे आमजन परेशान थे। रविवार को हुई बारिश ने तापमान में गिरावट लाकर मौसम को सुहावना बना दिया। हालांकि मौसम के इस बदलाव के साथ किसानों और प्रशासन की चिंता भी बढ़ गई है। तेज हवाओं और आंधी के कारण खेतों में खड़ी फसलों, पेड़-पौधों तथा बिजली व्यवस्था को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से मिल रही नमी के कारण प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसके प्रभाव से अगले एक-दो दिनों तक रीवा संभाग सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाएं चलने, गरज-चमक के साथ बारिश होने और मौसम के इसी तरह बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेष रूप से आंधी और बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए खुले स्थानों में जाने से बचने तथा सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है। बारिश के बाद मौसम भले ही सुहावना हो गया हो, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बादल छंटते हैं तो वातावरण में नमी बढ़ने के कारण उमस लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है।

## जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में तंबाकू मुक्त भारत बनाने हेतु दिलाई शपथ

**रीवा।** सरपंच महा परिषद एवं अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष ब्रह्मांशी पंडित राजकुमार सिंह तिवारी ने 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में भारत को तंबाकू मुक्त देश बनाने हेतु शपथ दिलवाते हुए कहां कि , इस दिवस का उद्देश्य तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाना है ।इसकी शुरुआत विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 1987 में की गई थी। लोगों को धूम्रपान छोड़ने हेतु प्रोत्साहन देना इसका उद्देश्य था।चीन के बाद भारत तंबाकू और धूम्रपान का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है । आज लगभग 10 करोड़ से अधिक लोग धूम्रपान करते हैं,धूम्रपान से हर दिन लगभग 3500 हजार लोग अपनी जान गबाते हैं। जो भारत में कुल मृत्यु दर का लगभग 10% है। धूम्रपान की वर्तमान दर 28 % है ।जिसमें भारत में धूम्रपान करने वालों का पूरे विश्व में 12% हिस्सा है। तंबाकू कोबरा के जहर से भी ज्यादा खतरनाक है । तंबाकू दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हत्यारा है ।तंबाकू में लगभग 4000 प्रकार के खतरनाक रसायन है ।जिसमें 70 रसायन सीधे तौर पर कैंसर के कारक है ।यह शरीर के हर अंग को नुकसान पहुंचता है। इसकी लत बहुत आसानी से लगती है। इससे कैंसर, हृदय रोग, फेफड़े, दांतों ,मसूड़े की बीमारी एवं कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न होती है। मालदीप तंबाकू मुक्त देश है। सबसे अधिक बीड़ी उत्तराखंड में की जाती है। यूपी में सबसे ज्यादा तंबाकू और बीडी बनाई जाती है। सबसे ज्यादा गुटखा त्रिपुरा में लगभग 48% खाई जाती है।कोलकाता में सबसे ज्यादा 56 पर्सेंट लोग धूम्रपान करते हैं। सबसे कम नशा करने वाला राज्य गुजरात है। सरकारी प्रयास के तहत सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंध एवं जागरूकता अभियान चलाया जाता है, जो कि ना काफी है। लगभग 25 करोड लोग धूम्रपान करते हैं भारत में ।जिसने बीड़ी पीने वालों की संख्या अधिक है। रीवा में गोविंदगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र में तंबाकू की ज्यादा खपत है। विंध्य प्रदेश की जलवायु तंबाकू उत्पादन के अनुकूल होने के कारण यहां खपत ज्यादा है, जो काफी चिंताजनक है। सरकार को चाहिए कि तंबाकू सहित सभी नशीली पदार्थों शराब गांजा अफीम चरस भांग आदि के उत्पादन एवं बिक्री पर संपूर्ण रोक लगा दे । सबसे बड़ी विडंबना यह है कि सरकार यह जानती है की नशीली चीजें कितनी खतरनाक है ।फिर भी उन पर रोक नहीं लगाती, बल्कि खुद भी शराब गांजा भांग आदि की लाइसेंस देकर बिक्री करवा राजस्व इकट्ठा करती है। जो काफी चिंताजनक एवं दुखदाई है। इस तरह से तो सरकार मानो खुद ही नशीले पदार्थों के उत्पादन बिक्री एवं सेवन को प्रोत्साहित करती नजर आती है। एवं दूसरी तरफ तंबाकू शराब आदि निषेध दिवस मनाती है।उक्त अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन साकेत, सीईओ जनपद प्रदीप दुबे ,तहसीलदार विनय मूर्ति शर्मा, एपीओ जीएन श्रीवास्तव, वेद मणि त्रिपाठी, पत्रकार अनुज प्रताप सिंह राजेश वर्मा, अतुल वर्मा, प्रभाकर द्विवेदी ,इंजीनियर हरेंद्र साहू, मृदुल पांडे, शांति भूषण दुबे, प्रदीप सोनी ,शुभकरण दहिया, कुंडेश्वर शुक्ला आदि कर्मचारी जनपद सदस्य, सरपंच पंच एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रह तंबाकू मुक्त भारत का संकल्प लिया। जय हिन्द।

## प्रधानमंत्री के मन की बात का उप मुख्यमंत्री ने किया श्रवण



**रीवा ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने जनप्रतिनिधियों व आमजनों के साथ श्रवण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री जी समाज, राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी एवं प्रेरणादायक प्रयासों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा करते हैं जो हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं उनके इन विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री के मन की बात के 134वें संस्करण का जनपद पंचायत रीवा के प्रांगण में श्रवण करने के उपरांत श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री की नजर देश में हो रहे उन विशिष्ट कार्यों पर रहती है जिन पर किसी की भी नजर नहीं जा पाती। उन्होंने मन की बात में उत्कृष्ट कार्य करने वाले खिलाड़ियों सहित अन्य क्षेत्रों के लोगों से चर्चा की। वह देश के कोने-कोने में बेहतर कार्य करने वालों का जिक्र करते हैं तथा उनका हौसला बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री जी एक-एक मिनट का सदुपयोग कर देश को उत्कृष्ट राष्ट्र बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं। शुक्ल ने कहा कि हम सबकी भी जिम्मेदारी है कि जो जिस पद पर है वह वहां बेहतर से बेहतर कार्य करें। कृषि कल्याण वर्ष में हमारे प्रदेश में रिकार्ड गेंहू की खरीदी हुई है। हमारा रीवा क्षेत्र बाणसागर की नहरों से समृद्धशाली बना है। अब इस विकास का फल आने वाली पीढ़ी को मिलेगा। युवाओं को नशे सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों से दूर रहना होगा। श्री शुक्ल ने जल संग्रहण व संरक्षण के कार्यों में आमजनों से सहभागिता की अपील की तथा कहा कि वर्षाकाल आने पर पेड़ लगाकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्त, जनपद अध्यक्ष संगीता यादव, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, जनपद सीईओ पूनम दुबे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।

## नईगढ़ी नगर परिषद में राहुल शर्मा को मिला अतिरिक्त प्रभार

**मऊगंज।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा जारी आदेश के तहत नगर परिषद नईगढ़ी की प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा द्विवेदी का प्रभार समाप्त कर दिया गया है। विभाग ने राजस्व निरीक्षक राहुल शर्मा, जो वर्तमान में नगर परिषद मऊगंज में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं, उनको नगर परिषद नईगढ़ी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।नगर परिषद नईगढ़ी में पिछले कुछ समय से प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार घोषणाएं और मुनादी कराई गईं, लेकिन जमीनी स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो सकी। कई स्थानों पर नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण बना रहा, जिससे आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़क मरम्मत और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों में भी नगर परिषद का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा। कई शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं हो पाया, जिससे लोगों में नाराजगी बनी रही।विभाग द्वारा जारी आदेश के बाद अब नगर परिषद नईगढ़ी की जिम्मेदारी राहुल शर्मा को सौंपी गई है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि नए प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में नगर परिषद की कार्यप्रणाली में सुधार होगा और लंबित जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।नगर परिषद में हुए इस बदलाव को प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने और विकास कार्यों में गति लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब लोगों की निगाहें नए प्रभारी अधिकारी के कार्यों पर टिकी हैं।

